राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www. rsmsssb.rajasthan.gov.in *दूरभाष नं. 0141–2722520*

प14(116)RSSB/अर्थना/NHM/GNM/भर्ती/-00056 दिनांक: यथाहस्ताक्षर

–:: कार्यालय आदेश ::–

नर्स (जीएनएम) (संविदा) भर्ती – 2023 हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की ऑनलाईन पात्रता जांच के संबंध में

बोर्ड द्वारा संविदा नर्स (जीएनएम) भर्ती – 2023 का परीक्षा परिणाम दिनांक 14.06.2024 को जारी कर लगभग **दो गुना (200 प्रतिशत)** (कुल 4797) अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु अनंतिम रूप से (Provisionally) सूचीबद्ध किया गया था। इन सूचीबद्ध अभ्यर्थियो की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन **ऑनलाईन माध्यम से** करवाये जाने हेतु **बोर्ड के आदेश दिनांक 16.07.2024** के माध्यम से ऑनलाइन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फार्म दिनांक 19.07.2024 रात्रि 12.00 बजे से 25.07.2024 रात्रि 11.59 बजे तक खोला गया था।

पात्रता जांच में यह ध्यान में आया है कि बोर्ड के उक्त आदेश के बिन्दू संख्या 11 में उल्लेखित **Registration Certificate in Rajasthan Nursing Council (RNC)** अधिकांश अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फार्म के साथ अपलोड़ नहीं किया है। इस संबंध में **सभी सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रमाण पत्र अन्तिम चयन हेतु आवश्यक है। यदि आप द्वारा उक्त प्रकिया में राजस्थान नर्सिंग काउंसिल का पंजीकरण प्रमाण पत्र अपलोड़ नहीं किया है तो ऐसे अभ्यर्थी पंजिकृत ईमेल अथवा मोबाइल नम्बर पर सूचना प्राप्त होने पर https://sso.rajasthan.gov.in > RECRUITMENT PORTAL > MY RECRTUITMENT > DETAILED FORM CUM SCRUTINY** लिंक पर जाकर संविदा नर्स (जीएनएम) भर्ती–2023 के लिंक के सामने "Upload Shortfall Document" बटन के माध्यम से तत्काल पूर्ति करें। राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के पंजीकरण प्रमाण पत्र के अभाव में ऐसे अभ्यर्थियों का अन्तिम चयन हेतु विचार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों को अपात्र किया जा सकेगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। इस संबंध में अभ्यर्थियों से कोई व्यक्तिगत पत्राचार नहीं किया जाएगा तथा अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा, ना ही ऑफलाईन कोई प्रार्थना पत्र/प्रमाण पत्र स्वीकार किया जाएगा।

6.8.24

(डॉ. बी. सी. बधाल)

सचिव